हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 18 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

10 वार्षिकोत्सव पर छात्रों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

11 महाशिवरात्रि पर हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम




## खबर संक्षेप

### विशाल सतनाम पद यात्रा आज से

लवन। फाल्गुन शुक्ल पर 18 से प्रारंभ हो रहे विशाल सतनाम पद यात्रा में मंत्री गुरु खुशवंत व डॉ. सनम जांगड़े सम्मिलित होंगे। बाबा गुरु घासीदास के संदेश समानता, सद्भाव एवं समरसता के महान ध्येय एवं हमारे छत्तीसगढ़ के जनमानस के कल्याण हेतु पद यात्रा में मंत्री के साथ हजारों की संख्या में सतनामी समाज के भक्तजन शामिल रहेंगे। प्रदेश मीडिया प्रभारी हितेश रात्रे ने बताया कि विशाल पदयात्रा 18 फरवरी से प्रारंभ होकर मेला प्रारंभ के पहले दिन 22 फरवरी को गिरौदपुरी धाम में समापन होगी।

### एसजीपीसी के प्रधान हरजिंदर सिंह आज रायपुर में



भाटापारा। छत्तीसगढ़ सिक्ख पंथ की सर्वोच्च संस्था अमृतसर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष, एसजीपीसी के प्रधान हरजिंदर सिंह धामी को छत्तीसगढ़ सिख संगठन के प्रदेश संयोजक अरूण छाबड़ा बंटी द्वारा पुष्प देकर मुलाकात कर स्वागत सत्कार किया गया। सिख समाज द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। छत्तीसगढ़ की सभी गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी, सामाजिक संस्थानों के पदाधिकारियों के साथ छत्तीसगढ़ में चल रही सिक्ख समाज की गतिविधियों पर चर्चा की। इसके बाद वे बिलासपुर रोड पर रावांभाठा में निर्मित भव्य ऐतिहासिक गुरुद्वारे का उद्घाटन करने पहुंचे शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर के मार्गदर्शन में भव्य गुरमत संगीत विद्यालय का भी यहां शुभारंभ होगा। इस पूरे कार्यक्रम में अमृतसर से एसजीपीसी की धर्म प्रचार कमेटी के सचिव सरदार बलविंदर सिंह काहलवां और ओएसडी सतबीर सिंह, सिक्ख समाज के गणमान्यजन व सभी गुरुद्वारों के प्रधान प्रमुख रूप से सम्मिलित हुए। गुरुद्वारे के उद्घाटन उपरांत श्री धामी जी जहां वे सिक्ख पंथ की गतिविधियों एवं विकास परक योजनाओं पर चर्चा कर अपना मार्गदर्शन देंगे।

### प्रशासनिक कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर एसडीएम एवं तहसीलदार सम्मानित



बिलाईगढ़। कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने जिला प्रशासन के कार्यों को बेहतर ढंग से काम करने वाले अधिकारियो को कलेक्ट्रेट में सम्मानित करते हुए बिलाईगढ़ एस डी एम प्रफुल्ल रजक एवं तहसीलदार कमलेश सिदार को सम्मानित किया गया। इनमें निर्वाचन का मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और धान खरीदी कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश कुमार साहू, एसडीएम वर्षा बंसल, प्रफुल्ल रजक, तहसीलदार शनि पैकरा, आयुष तिवारी, नीलिमा अग्रवाल, कमलेश सिदार, कोमल साहू, प्रकाश पटेल, मोहन साहू सहित तीनों सीईओ जनपद पंचायत राधेश्याम नायक, अजय पटेल और प्रतीक प्रधानको प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य अंतर्गत स्कूलो में शिक्षा गुणवत्ता के लिए जिला शिक्षा अधिकारी जोइधाराम डहरिया, धान खरीदी के लिए व्यासनारायण साहू, एसआईआर, अवैध शराब पर रोकथाम और आबकारी कार्य के लिए आबकारी अधिकारी संतराम वर्मा को सम्मानित किया गया।

# जिला अस्पताल को मिला लेप्रोस्कॉपिक सर्जन, गंभीर बीमारियों के ऑपरेशन में आई तेजी

## पदस्थापना से अब तक 16 ऑपरेशन सफल हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला अस्पताल बलौदाबाजार में नए जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. कादिर बेग की पदस्थापना से अस्पताल की कार्य क्षमताओं में इजाफा हुआ है। अस्पताल में अब हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, फिमोसिस, सेलुलाइटिसब्रेस्ट एबिस, फाइब्रोडेमा, लिम्फोमा, सिबेशियस सिस्ट जैसी गंभीर बीमारियों का सफलतापूर्वक उपचार किया जा रहा है।

जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश अवस्थी के अनुसार उक्त ऑपरेशन निःशुल्क किये जा रहे हैं साथ ही आवश्यकता पड़ने पर आयुष्मान कार्ड का भी उपयोग किया जाता है। भर्ती मरीज को भोजन नाश्ता भी दिया जाता है। सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि उक्त ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थित अनुसार कुछ दिन भर्ती किया जाता है, बाद में छुट्टी हो जाती है। सर्जन की पदस्थापना से अब तक 16 ऐसे ऑपरेशन किये जा चुके हैं।

अस्पताल की ओटी में डॉ. कादिर बेग के साथ दीपशिखा अली, कमलेश, दीपक, शाहरुख, अंकित, सरस्वती, अनामिका सहयोग कर रहे हैं।




### आयुष्मान कार्ड का लाभ मिल रहा

सेलुलाइटिस का उपचार करा चुके भाटापारा निवासी 45 वर्षीय अनिता के परिजनों ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया था। उसके बाद वहां ऑपरेशन किया गया। इसमें आयुष्मान कार्ड का लाभ मिला। एक हफ्ते भर्ती रहे उसके बाद छुट्टी हो गई। अभी स्थिति ठीक हैं।

## मिल में थी 316 बोरी उड़द दाल, नमूना जॉच के लिए भेजा गया

# 8 लाख की उड़द दाल और प्रतिबंधित रंग जब्त, मिलावट की आशंका


हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

**खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने दाल मिलों का किया जांच, रंग एवं 316 बोरी उड़द दाल जब्त**

खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने भाटापारा स्थित दाल मिल का निरीक्षण व जांच की गई। निरीक्षण के दौरान उड़द दाल में रंग मिलावट की शंका के आधार पर रंग और 316 बोरी उड़द दाल मूल्य लगभग 8 लाख को जब्त कर नमूना जॉच हेतु भेजा गया। यह कार्रवाई कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर अभिहित अधिकारी अक्षय कुमार सोनी के मार्गदर्शन में की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार टीम द्वारा मंगलवार को भाटापारा स्थित अन्नपूर्णा ट्रेडर्स, (दाल मिल) सुहेला रोड, खोखली, परिसर में ड्रम में काला रंग पाया गया, जिसका उपयोग दाल को गहरे रंग देने के लिए किया जाता होगा। उड़द दाल में रंग मिलावट की शंका के आधार पर रंग और 316 बोरी उड़द दाल मूल्य लगभग 8 लाख को जब्त कर नमूना जॉच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेज दिया गया है। जांच रिपोर्ट आने पर आगे प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया जायेगा। कार्यवाही खाद्य सुरक्षा अधिकारी संध्या महिलांग द्वारा किया गया एवं भाटपरा पुलिस का भी सहयोग प्राप्त हुआ।

### भाटापारा की दाल मिल में छापा




# 1.70 लाख की शराब जब्त और लाहन किया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




आबकारी आयुक्त आर संगीता के निर्देश पर कलेक्टर दीपक सोनी एवं जिला आबकारी अधिकारी मुकेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग की टीम ने 1 लाख 70 हजार का अवैध महुआ शराब जब्त कर लाहन को नष्ट किया।

जानकारी के अनुसार वृत्त कसडोल में आबकारी विभाग की टीम द्वारा ग्राम घटमड़वा डेरा थाना गिधौरी में अवैध कच्ची महुआ शराब का निर्माण किया जाता है, वहां दबिश देकर विधिवत तलाशी लेने पर 30 किलो क्षमता वाली प्लास्टिक बोरी में भरी 85 नग कुल 2550 किलो महुआ लाहन एवं 5 लीटर क्षमता वाली 3 नग जरीकेन में भरी एवं 10 लीटर क्षमता वाली 2 जरीकेन एवं एक 20 लीटर क्षमता वाली जरीकेन में भारी कुल 55 बल्क लीटर महुआ शराब नाला किनारे लावारिस हालात में बरामद हुई एवं महुआ लाहन का सेंपल लेकर सभी लाहन को मौके पर नष्ट किया गया। महुआ शराब का बाजार मूल्य 11 हजार एवं महुआ लाहन का बाजार मूल्य 1,53,000 रुपये होना पाया गया।

धारा अज्ञात आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की 34(1) (क) (च) 34(2) 59 (क) प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया है एवं अज्ञात आरोपी की पतासाजी की जा रही है।

इसी प्रकार मंगलवार को वृत्त कसडोल में आबकारी विभाग की टीम द्वारा ग्राम अर्जुनी (ब) में आरोपी घासीराम पिता ननकुनिया 37 वर्ष सा. अर्जुनी (ब) थाना कसडोल के कब्जे से 30.00 बल्क लीटर हाथभट्ठी महुआ शराब जब्त की गई। महुआ शराब का बाजार मूल्य 6,000 रुपये होना पाया गया। आरोपी घासीराम पिता ननकुनिया उम्र 37 वर्ष सा. अर्जुनी (ब) के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) 59 (क) प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश कुमार सिंह, आबकारी उप निरीक्षक मनराखन नेताम एवं नगर सैनिक कमल वर्मा, राजकुमारी पैकरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# विकास कार्य के लिए मिली 4.55 करोड़ की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



भाजपा नेता शिवरतन शर्मा के प्रयास से नगर पालिका परिषद सिमगा में अधोसंरचना विकास हेतु नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा 4 करोड़ 55 लाख 81 हजार रुपए के विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत अधोसंराचना मद से स्वीकृत इस राशि से नगर पालिका सिमगा में जनता के सुगम आवागमन के लिए सीसी रोड निर्माण तथा अधोसंरचना विकास के लिए 79 कार्यों की स्वीकृति मिली है।

शिवरतन शर्मा ने बताया कि सिमगा नगर की जनता के सुविधा और क्षेत्र के विकास हेतु हमारा प्रयास निरंतर जारी है। समृद्ध भाटापारा विधानसभा बनाना हमारा उद्देश्य ही नहीं बल्कि दृढ़ संकल्प है और यह संकल्प सबके विश्वास एवं हमारे प्रयास से जरुर पूरे होंगे। मैं सभी क्षेत्रवासियों को विकास की इस सौगात के लिए बधाई देता हूँ। भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रमणी तिवारी ने कहा कि राज्य भाजपा सरकार की दूरदर्शिता और शिवरतन शर्मा के नेतृत्व में नगर पालिका सिमगा में कई विकास कार्यों को स्वीकृति मिली है। यह कदम नगरवासियों के लिए सुविधाओं और बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि जनता की भलाई और विकास हमेशा प्राथमिकता रही है। उक्त स्वीकृति के लिए भाजपा सरकार एवं भाजपा नेता शिवरतन शर्मा के प्रति भाजपा मंडल अध्यक्ष चन्द्रमणी तिवारी, अनिल पाण्डेय धीरज जैन, गोलू अवस्थी नगर पालिका उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष विकास सोनकर, सूर्यकान्त ताम्रकार, पार्षद सचिन जैन, टैबू देवांगन, पीताम्बर सोनकर, विष्णु देवांगन, मुकुंद रजक, मनीषा माया सलूजा, प्रियंका अनूप तिवारी, छोटू यादव, परस पाटकर, राजेश सिंह, रुखमाणी साहू सहित नगरवासियों ने आभार व्यक्त किया है।

# नगर में अवैध शराब के खिलाफ आर-पार की लड़ाई, सांसद बृजमोहन ने दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



खरोरा में अवैध शराब को लेकर जन जागरुकता अभियान चलाकर कर जहां नगर के वार्डों में बिक रही अवैध शराब को बंद करने आर पार की लड़ाई लड़ने रोड मैप तैयार किया गया है, वहीं अवैध शराब कारोबारी अपने काम को अंजाम देने व तोड़ निकालने में लगे हैं, जिसके तहत आपस शराब बंदी में लगे नगरवासियों में फूट डालने के प्रयास में जुट है। इन सब के बीच नगर में शराबबंदी अभियान कार्यक्रम नेतृत्व कर रहे नगर पंचायत के अध्यक्ष सुनीता सोनी व पूर्व अध्यक्ष अनिल सोनी द्वारा रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल से मिल नगर में चल रहे अवैध शराब बंदी कार्यक्रम के रूप रेखा के संबंध में विस्तार से चर्चा की।

नगर में जगह-जगह बिक रही अवैध शराब को लेकर आम नगरवासी परेशान थे। इसमें सबसे ज्यादा महिला व बच्चे परेशान है। अवैध शराब को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता सोनी सांसद प्रतिनिधि व पूर्व अध्यक्ष अनिल सोनी व पार्षदों ने रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल को अवैध शराब बंदी कार्यक्रम को लेकर विस्तार से चर्चा की सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने नगर पंचायत खरोरा के इस पहल का सहराना करते अपना समर्थन दिया। वहीं अनिल सोनी पूर्व अध्यक्ष खरोरा का कहना है कि किसी भी कीमत में नगर में अवैध शराब बिकने नहीं दी जायेगी, चाहे इसके लिए कोई भी कीमत चुकाना पड़े।

## इन्द्र साव ने कई गांवों में सीसी रोड और सतनाम भवन का भूमिपूजन किया

# विधानसभा के प्रत्येक गांव का विकास मेरी पहली प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



विधानसभा के ग्राम टोनाटार, मेकरी, गणेशपुर, झिरिया एवं बैकोनी में सीसी रोड़ एवं सतनाम भवन का भूमिपूजन विधायक इन्द्र साव ने किया और उन्होंने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता प्रत्येक गांव का विकास करना है और यही कारण है कि वे लगातार विधानसभा चुनाव के बाद से ग्रामीण क्षेत्र का नियमित दौरा कर रहे है।

विधायक इन्द्र साव ने विधानसभा क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन गांव में विकास कार्यों का भूमि पूजन करते हुए कहा कि वे बिना भेद-भाव किए दलगत राजनीति से हटकर विकास कार्य को प्राथमिकता दे रहे हैं। सरकार नहीं होने के बावजूद वे अपने लक्ष्य के अनुसार गांव के विकास के लिए कृत संकल्पित है और उन्होंने स्पष्ट किया कि मेरा काम विकास कार्य स्वीकृत करना और कराना है और इन निर्माण कार्य की गुणवत्ता देखरेख के लिए पंचायत प्रतिनिधियों एवं गांव के वरिष्ठजनों की भागीदारी भी जरूरी है।

विधायक साव ने कहा कि वर्तमान समय में गांव की शांति व्यवस्था के लिए असामाजिक गतिविधियों की रोकथाम बड़ी चुनौती है। इसलिए अपने परिवार के सदस्यों, खासकर युवाओं को इससे दूर रहने प्रेरित करें। गांव के स्वस्थ्य वातावरण के लिए आध्यात्मिक आयोजनों को अपनाने की अपील की। शराब या अन्य नशा विरोध के लिए गठित महिला कमांडो का सम्मान व सहयोग करें ताकि गांव में अमन चैन और शांति बरकरार रहे,क्योंकि हर छोटी से बड़ी घटना की शुरुवात नशा से होती है। भूमि पूजन के पूर्व संबंधित गांव में पहुंचने पर विधायक साव का जोरदार स्वागत ग्रामीण जनप्रतिनिधियों ने किया। इस अवसर पर टोनाटार सरपंच विष्णु कोसले, मेकरी सरपंच रामदिलास पटेल, गणेशपुर सरपंच रेशू मसीह, झिरिया सरपंच प्रतिमा साहू, नवागांव सरपंच नीरा कोसले, बैकोनी सरपंच महेश मिरी, जनपद सदस्य चन्द्रप्रकाश टोण्डे, शिवलाल ध्रुव, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि आनंद बंजारे, चंद्रशेखर साहू मंडल अध्यक्ष हीरा साहू, दिनेश साहू, पंचगण, स्व-सहायता समूह के सदस्य महिला कमांडो सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# धोबी समाज कसडोल राज का वार्षिक अधिवेशन आज मोहतरा में



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

धोबी समाज कसडोल राज का वार्षिक अधिवेशन 18 फरवरी को सुबह 10 बजे से ग्राम मोहतरा में रखा गया है। कसडोल राज सचिव मेलाराम कर्ष, सचिव रामसिंग कर्ष ने बताया कि वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बलौदाबाजार जिलाध्यक्ष श्रीराम रजक, केंद्रीय अध्यक्ष पन्नालाल रजक, प्रदेश संरक्षक झड़ीराम कन्नौजे, सरपंच मोहतरा गोरेलाल पैकरा, सरपंच ग्राम पंचायत चरौदा, रामकुमार रजक, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष निर्मला रजक होंगे। अध्यक्षता कसडोल राज अध्यक्ष मानसिंग निर्मलक,र जिला उपाध्यक्ष मोतीलाल निर्मलकर करेंगे। एवं विशिष्ट अतिथि रजककार विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष लोकेश कनौजे, लवन राज महिला प्रकोष्ठ शीला रजक, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष उमाशंकर कर्ष, प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं आईटी सेल प्रदेश अध्यक्ष कमलेश रजक, सर्वा परिक्षेत्र अध्यक्ष हरिराम कर्ष एवं कसडोल परिक्षेत्र राजप्रधान मेलाराम कर्ष प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।

## खबर संक्षेप



### आंगनबाड़ी केंद्र में कराया नेवता भोज

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी के आंगनबाडी केंद्र क्रमांक 1 में नए सत्र 2026 के अवसर पर नेवता भोज का कार्यक्रम हुआ। सर्वप्रथम कम्युनिटी ईशा शर्मा ने बच्चों को गुलाल लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वही बच्चों व पालकों को खीर पूड़ी, आलू चना, दाल सब्जी परोसा गया। कम्युनिटी ईशा शर्मा ने बताया कि महिलाओं का वजन और खानपान, मेडिसिन विशेष ध्यान रखे व शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक विकास के बारे में गर्भवती महिलाओं से चर्चा की गई। इस अवसर पर आयोजक ईशा शर्मा, कार्यकर्ता शकुन यादव, रश्मिता, अन्नपूर्णा, सुभद्रा, तन्नू, प्रीति, संतोष, दुर्गा, गिरजा, तोरण, सखाराम, विणा, योगेश आदि मौजूद रहे।

### प्राणीशास्त्र की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा कल

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के समस्त बीएससी द्वितीय एवं अंतिम वर्ष (प्राणीशास्त्र) विषय के नियमित, अमहाविद्यालयीन, भूतपूर्व परीक्षार्थियों की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा 19 फरवरी को सुबह 09 से विज्ञान भवन मचेवा में आयोजित होगी। उक्त परीक्षा में समस्त नियमित, अमहाविद्यालयीन एवं भूतपूर्व परीक्षार्थियों को प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है। सभी परीक्षार्थियों को प्रायोगिक फाइल के साथ परीक्षा दिवस को प्रातः 09 बजे तक उपस्थित होना होगा। प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित होने पर छात्र स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# देश में एक ही ऐसा राज्य जिसे महतारी का दर्जा मिला और वह है छत्तीसगढ़ : स्वामी राजीव

## भागवत के चौथे दिन गजेंद्र मोक्ष की कथा सुनकर भावविभोर हुए श्रोता, कथा श्रवण करने पहुंच रहे श्रद्धालुजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम बेमचा स्थित गुलाब बाड़ा में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन महाराज राजीव लोचन दास ने गजेंद्र मोक्ष एवं प्रहलाद चरित्र कथा का वर्णन किया। कथा के दौरान भगवताचार्य दक्षिण कौशल पीठाधीश्वर राजीव लोचन महाराज ने अनेक भक्तिमय भजनों के माध्यम से श्रोताओं को बांधे रखा। उन्होंने गजेंद्र मोक्ष कथा वृतांत बताते हुए कहा कि जब स्थिति हमारे अनुकूल न हो तो अपने आप को परम पिता परमात्मा को समर्पित कर दो। भगवान हरि नारायण आपके सारे दुखों को हर लेंगे। उन्होंने कथा के बीच छत्तीसगढ़ महतारी की यशगान करते हुए कहा कि पूरे देश में एकमात्र राज्य है, जिसे मां का दर्जा





दिया गया है, और वह है छत्तीसगढ़ महतारी। मां अपने आप में एक धाम है, मां के चरणों में स्वर्ग होता है। जिस घर में माता-पिता की सेवा, आज्ञा का पालन होता है, वहां किसी भगवान को पूजने की आवश्यकता नहीं। ऐसे घरों में साक्षात भगवान का वास होता है। महाराज ने कहा कि छत्तीसगढ़ महतारी की गोद में साक्षात गंगा मैया महानदी के रूप में प्रवाहित हो रही है। यहां के लोगों को प्रयाग राज जाने की आवश्यकता नहीं। राजिम त्रिवेणी संगम मां गंगा का ही रूप है।

महाराज ने छत्तीसगढ़ महतारी की महिमा का बखान करते हुए सुमधुर भजन छत्तीसगढ़ वो धाम हे जहां रोम रोम बसे श्रीराम हे गाकर भक्तों को झूमने विवश कर दिया। उन्होंने छत्तीसगढ़ के पावन धरा पर मां कौशल्या के मायके का उल्लेख करते हुए भगवान श्रीराम के साथ छत्तीसगढ़ियों के प्रगाढ़ संबंध को बताया। उन्होंने कहा कि आज छत्तीसगढ़ के ग्राम बेमचा की पुण्य भूमि पर श्रीमद भागवत रूपी अमृत गंगा चंद्राकर परिवार के माध्यम से बह रही है। जिसका पुण्य लाभ समस्त बेमचावासियों सहित महासमुंद जिले के लोगों को मिल रहा है। कथा श्रवण करने प्रमुख रूप से आरएसएस के छत्तीसगढ़ प्रांत प्रमुख तुलसी दास, जिला प्रमुख आदित्य, जीव जंतु कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष आलोक चंद्राकर सहित दाऊ स्व.गुलाब चंद्राकर परिवार के आयोजक द्वारिका प्रसाद चंद्राकर, जानकी चंद्राकर, रमा चंद्राकर, संगीता राहुल चंद्राकर, निधि हर्ष चंद्राकर, आकांक्षा अनमोल चंद्राकर सहित ग्राम बेमचा, आसपास के ग्रामों व महासमुंद के श्रोता बड़ी संख्या में कथा सुनने उपस्थित हुए।

## समस्या : लगातार बिजली कटौती व लो-वोल्टेज से नागरिक, छात्र व किसान परेशान

# बिजली कटौती व लो-वोल्टेज की समस्या को लेकर किसानों ने विभाग को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विद्युत मंडल कोमाखान में किसानों ने बिजली कटौती व लो वोल्टेज जैसे समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा है। किसान डिगेश्वर देवांगन, मानसिह ठाकुर, धनाऊ टिकेश्वर ठाकुर, उत्तम राणा, गिरवर साहू, तिलक राम पांडे आदि ने बताया कि अभी ढंग से गर्मी की शुरूआत नहीं हुई है, अभी से बिजली कटौती व लो-वोल्टेज की समस्याओं से ग्रामीण और किसानों को जूझना पड़ रहा है। कक्षा दसवीं बोर्ड इग्जाम सामने है। बिजली की कटौती बार-बार करने से विद्यार्थियों को पढ़ाई लिखाई करने में परेशानी हो रही है। इसके अलावा क्षेत्र के साधन संपन्न ट्यूबवेल वाले



किसानों ने ग्रीष्मकालीन रबी धान, गेहूं, सब्जी फसल की खेती कर रहे है। वही लो-वोल्टेज के कारण सबमर्सिबल मोटर पंप की धार पतली सी हो गई है। वही दिन में बार बार बिजली कटौती करने से सिंचाई व बच्चों की पढ़ाई व लिखाई प्रभावित हो रही है। किसानों ने लो वोल्टेज एवं बिजली कटौती की समस्याओं का निदान करने विद्युत मंडल कोमाखान के अधिकारी को ज्ञापन सौपा है। यदि लो वोल्टेज व बिजली कटौती जैसे समस्या जस की तस व सुधार नहीं होने पर किसानों ने राष्ट्रीय राजमार्ग 353 में चक्काजाम करने की चेतावनी दी है। जिसका संपूर्ण जवाबदेही शासन-प्रशासन की होगी।

### फाइलेरिया बीमारी से बचाव के लिए सामूहिक दवा सेवन का कार्यक्रम




**नर्रा।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सामूहिक दवा सेवन का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के बारे में मलेरिया निरीक्षक आरके पैकरा ने बताया कि राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत फाइलेरिया (हाथीपांव) बीमारी से बचाव के लिए महासमुंद जिले में 10 फरवरी 2026 से 25 फरवरी 2026 तक सामूहिक दवा सेवन का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत डीईसी, एलबेंडाजोल एवं आइवर्मेक्टिन की दवा उम्र एवं ऊंचाई के अनुसार खिलाई जा रही है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर नर्रा के संस्था प्रभारी डिगेंद्र परमार ने फाइलेरिया के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि फाइलेरिया को आमतौर में हाथीपांव के नाम से भी जाना जाता है। यह बीमारी संक्रमित मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होता है। फाइलेरिया शरीर को विकलांग करने वाली एक गंभीर बीमारी है। संक्रमण के बाद इस बीमारी के लक्षण दिखने में 5 से 15 वर्ष का समय लग सकता है। फाइलेरिया रोग के लक्षण की जानकारी दी।

### जिला जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित, नलकूप खनन पर प्रतिबंध

**महासमुंद।** आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा महासमुंद जिले को जलाभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है। यह आदेश छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी किया गया है। यह आदेश आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगा। आदेश के अनुसार सक्षम अधिकारी की पूर्वानुमति के बिना जिले में पेयजल के अतिरिक्त किसी अन्य प्रयोजन के लिए नया नलकूप खनन प्रतिबंधित रहेगा। शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं नगरीय निकायों को पेयजल व्यवस्था के लिए अपने क्षेत्र में नलकूप खनन के लिए पूर्व अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। लेकिन, उन्हें निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करना होगा। जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए नलकूप खनन की अनुमति प्रदान करने के लिए अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी को महासमुंद शहर (नगर पालिका क्षेत्र) एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को संबंधित अनुविभाग के लिए प्राधिकृत किया गया है। ये अधिकारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, नगरीय निकाय एवं तहसील से रिपोर्ट प्राप्त कर नियमानुसार अनुमति प्रदान करेंगे। साथ ही बोरवेल खनन एवं मरम्मत का कार्य केवल पंजीकृत एजेंसियों द्वारा ही किया जाएगा।

### वृद्धजन सेवा सदन में महाशिवरात्रि पर भव्य पूजन का आयोजन



**महासमुंद।** शहर के इमली भाठा में माता कौशल्या वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संचालित वरिष्ठजन सेवा सदन में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सेवा सदन में विविध आयोजन हुए, जिसमें यहां रह रहे वृध्दजनों ने अपनी सहभागिता निभाई। महाशिवरात्रि के अवसर पर सर्वप्रथम शिव बारात निकाली गई। इस दौरान आसपास के नागरिक और वरिष्ठजन शामिल हुए। पश्चात विधिविधान से शिव-पार्वती का विवाह संपन्न कराया गया। शिव विवाह के पश्चात शिवाभिषेक किया गया।

### मोहगांव हाईस्कूल में 10वीं के छात्रों की दी गई विदाई

**खल्लारी।** शासकीय हाई स्कूल मोहगांव में 10वीं के विद्यार्थियों के लिए एक समारोह आयोजित कर उन्हें विदाई दी गई। यह कार्यक्रम 9वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत बरबसपुर सरपंच नरेंद्र दीवान, अध्यक्षता शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष चेतन साहू, विशिष्ट अतिथि शाला संरक्षक कोमलचंद साहू, संकुल समन्वयक हुलास दीवान और शास पूर्व माध्यमिक शाला उपाध्यक्ष उदयराम साहू थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजन से किया गया। तत्पश्चत 9वीं के छात्रों ने अपने सीनियरों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर बारी बारी से गुलाल लगाकर किया। वही छात्रों ने सांस्कृतिक और मनोरंजक खेलो के माध्यम से कार्यक्रम को और आकर्षक बना दिया। इस दौरान शाला प्रभारी प्राचार्य देवेंद्र चंद्राकर, प्रभारी शासकीय पूर्व माध्य शाला पुरुषोत्तम डड़सेना, प्राथमिक शाला प्रधान पठिका पदमा ध्रुव, शिक्षक शैलेंद्र सिंह ठाकुर, रामसिंग नाग, मनोज कुमार साहू, छोटूराम निषाद, भूपेश जसपाल, इरफान कुरैशी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्रा तमन्ना पटेल, थनेश्वरी साहू, स्वाति दीवान, डिगेश्वरी पटेल, सोनिया वैष्णव आदि ने स्कूल में बिताए हुए विचारो को साझा किया। साथ ही अपने विचारों को प्रस्तुत कर शिक्षकों, सहपाठियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। शिक्षकों ने भी अपने उद्बोधन में लक्ष्य लेकर पढ़ाई करने और अधिक से अधिक मेहनत करने पर जोर दिया। विद्यार्थियों को कलम भेंट देकर सम्मानित किया गया। पश्चत सभी छात्रों को भोजन कराया गया। आभार प्रदर्शन प्रभारी प्राचार्य चंद्राकर ने किया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 9वीं छात्र साहिल कुमार साहू ने किया।

### मरीजों के खून जांच में हाथीपांव के कीटाणु की संख्या ज्यादाः डॉ घृतलहरे

**सरायपाली।** विकासखंड एवं छत्तीसगढ़ राज्य के कई इलाकों में फाईलेरिया (हाथीपांव) की दवाई खिलाई जा रही है। वहीं हमारे क्षेत्र में हाथीपांव के ज्यादा मरीज है और कई व्यक्तियों के खून की जांच में हाथीपांव (फाइलेरिया) के कीटाणु काफी संख्या में पाए गए हैं। इससे भविष्य में इस बीमारी के फैलने का खतरा बढ़ गया है। यह संक्रमित व्यक्ति से स्वस्थ व्यक्ति में मच्छर के काटने से फैलता है। इसके संक्रमण से बचने के लिए साल में एक बार पूरे समुदाय के दवा सेवन करने से बचाव होगा। बीमारी हो जाने पर कोई इलाज नहीं इसलिए इसे होने ही ना दें और 10 फ़रवरी से 25 फ़रवरी 2026 के बीच सभी अस्पतालों, स्कूलों, आंगनबाडी केंद्रों एवं दवा मितानिन व स्वास्थ्य टीम द्वारा घर घर जाकर दवा खिलायी जा रही है, उनसे दवा खाकर फाइलेरिया (हाथीपांव) से बचाव किया जा सकता है। मच्छर जमे हुए पानी में पनपते हैं और मलेरिया, डेंगू, फाईलेरिया (हाथी पांव) फैलाते हैं। अतः अपने घरों के आस-पास पानी जमा होने ना दें। साथ ही 10 से 25 फरवरी 2026 तक सभी सरकारी अस्पतालों में एवं स्वास्थ्य टीम व मितानिन द्वारा मुफ्त में दवाई खिलाई जा रही है। हाथीपांव बीमारी केइस संबंध में डॉ. टीआर धृतलहरे ने बताया कि क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलने वाली लाईलाज बीमारी है। शरीर के किसी भी भाग विशेष कर एक या दोनों हाथ, पैरों तथा जननांग में सूजन हो जाती है, जो बाद में हाथी के पैर जैसी दिखती है। संक्रमित क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। कृमि से होने वाला रोग है। अगर खून में कीटाणु हैं तो अभी लक्षण न दिखें, लेकिन भविष्य में कभी भी हाथीपांव हो सकता है। संक्रमित व्यक्ति से भी आपको फैल सकता। एमडीए अभियान की दवाई खाकर जो कि संक्रमण को रोकती है।

# खम्हरिया स्कूल के छात्र-छात्राओं को किया बसेरा भेंट, गौरैया संरक्षण का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी

बागबाहरा ब्लॉक के ग्राम खम्हारिया निवासी लोकेश सिन्हा ने अपने शादी के मौके पर खम्हरिया स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के स्कूली बच्चों को बसेरा भेंट किया। वहीं बच्चों व प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं को गौरया संरक्षण अभियान में विशेष योगदान, सहयोग निभाने के लिए अपील की।

खल्लारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फार्मासिस्ट व दो कदम प्रकृति की ओर समिति के संस्थापक संजय साहू (आमाकोनी) ने बताया कि प्रकृति के प्रति जागरुकता के उद्देश्य से मिट्टी का बना बसेरा जो कि गौरैया के घोंसला बनाने के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। चूंकि गौरैया एक ऐसी पक्षी है, जिनको इंसानों के आसपास ही अपना घोंसला बनाना पसंद हैं। लेकिन समय के साथ मानव अपनी घरों का डिज़ाइन स्वरूप में बदलाव ला रहे है। जिसके फलस्वरूप गौरैया को अब घरों में पहले जैसा पर्याप्त जगह का अभाव हो रहा। इन सभी बातों को ध्यान में रख कर यह मिट्टी का बसेरा भेंट स्वरूप दिया जा रहा हैं। ताकि भविष्य में गौरैया को आवासीय संकट का सामना ना करना पड़े. और सभी घरों में आसानी से उनको जगह मिल सके। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य नारायण चौधरी, स्टाफ व स्कूली बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### मिट्टी का बना बसेरा किया गया भेंट

टीम दो कदम प्रकृति की ओर द्वारा चलाए जा रहे गौरैया संरक्षण के लिए जागरुकता के उद्देश्य से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खल्लारी में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक मूल्यांकन के लिए बलौदाबाजार से आए रीना सालूजा व पारस साहू को पक्षियों के लिए मिट्टी का बना बसेरा खल्लारी स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. दिलीप सतपथी ने भेंट किया गया। वहीं गौरैया संरक्षण के बसेरा भेंट करने में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खल्लारी (संस्था) के समस्त स्टाफ का भी सहयोग में विशेष योगदान रहा।

## महाविद्यालय में नशामुक्त भारत अभियान पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन

# जीवन में सकारात्मक सफलता और समस्या समाधान की आदत बनाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष व विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं प्राचार्य करुणा दुबे के निर्देशन में नशामुक्त भारत अभियान पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ एकता लंगेह, विशिष्ट अतिथि डॉ युगल चंद्राकर, उत्तरा विदानी, तारिणी चंद्राकर अलुमनी सदस्य, महाविद्यालय परिवार एवं लगभग 125 विद्यार्थी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में अतिथियों का बैच एवं बुके लगाकर स्वागत किया गया। स्वागत उदबोधन में प्राचार्य द्वारा नशामुक्त भारत अभियान कार्यक्रम की आवश्यकता, महत्व एवं नशा के प्रकारों को बताते हुए विद्यार्थियो को नशा मुक्त परिवार एवं समाज निर्माण करने के लिए शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक शिक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रेरित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ एकता लंगेह ने कहा कि सभी को अपने जीवन में सफलता का नशा करना चाहिए और हो सके तो जीवन की समस्याओं को सुलझाने के लिए विभिन्न सकारात्मक कार्यों में जुड़े रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो नशा करते हैं उनकी कोई भी प्रशंसा नहीं करता एवं उनको सम्मानजनक नजरों से नहीं देखा जाता, इसलिए



नशे से दूर रहकर अपना ध्यान खेलकूद, योग और करियर में लगाना चाहिए। अपने आसपास सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना चाहिए।

विशिष्ट अतिथि डॉ युगल चंद्राकर द्वारा चिकित्सकीय तरीकों से नशा के नुकसान के बारे में बताते हुए कहा कि जब हम किसी भी प्रकार का नशा करते हैं तब हमारे शरीर में डोपामीन नाम का केमिकल उत्पन्न होता है, जो कुछ समय के लिए शरीर को उत्तेजित कर देता है। विद्यार्थियों में सबसे ज्यादा मोबाइल फोन चलाने के नशे के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि यदि आप 4 घंटे से ज्यादा फोन चलाते हैं तो यह माना जाता है कि आप मोबाइल चलाने के नशे के शिकार हैं और धीरे-धीरे यह आदत पड़ जाती है। उत्तर विदानी ने कहा कि किसी भी प्रकार का नशा हमारे मस्तिष्क धीरे-धीरे कमजोर बना देता है और हमारी सकारात्मक सोचने समझने की शक्ति को समाप्त कर देता है। तारिणी चंद्राकर ने सभी को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार से डॉ रीता पांडे, डॉ मालती तिवारी, आशुतोष पुरी गोस्वामी, डॉ जगदीश सत्यम, दिलीप बढाई, दिलीप लहरे, डॉ गरिमा दीवान, मृणाली चंद्राकर, कलम रेखा, कल्याणी साहू, सत्यनारायण दुर्गा, रोहित ढीमर, जागृति चंद्राकर, मनीष साहू, मुकेश ढीढी, रेणुका साहू, ममता साहू आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेश्वरी सोनी एवं धन्यवाद ज्ञापन अजय कुमार राजा ने किया।

# वार्षिकोत्सव पर छात्रों ने दी रंगारंग प्रस्तुति



**भटगांव।** ग्राम बेल टिकरी में जेपी पब्लिक स्कूल ने अपनी स्थापना पर वार्षिक उत्सव रॉयल शाइन 2026 का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बेद राम जांगड़े ने किया। स्कूल के डायरेक्टर संतराम जायसवाल के नेतृत्व में संस्थान ने कम समय में जिस तरह से बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दिया है, उसकी झलक मंच पर साफ दिखी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा दी गई रंगारंग प्रस्तुतियां रहीं। छोटे-छोटे बच्चों ने जिस आत्मविश्वास के साथ नृत्य, नाटक और संगीत का प्रदर्शन किया। समारोह में विक्रम कुर्रे अध्यक्ष, नगर पंचायत भटगांव नरेश देवांगन पार्षद बिलाईगढ़, गुड्डा साहू, ढोल कुमार जायसवाल, तुलसी आदित्य शामिल हुए।

## खबर संक्षेप



### भागवत कथा में गूंजी कृष्ण जन्म व गोवर्धन पूजन की कथा

**हथबंद।** ग्राम लॉवर भाटापारा में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह में आज श्रद्धा और भक्ति का अनुपम वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर यदु परिवार धन्ना यदु, रेवती यदु, आल्हा यदु संगीता यदु द्वारा स्व. पूर्णिमा यदु की स्मृति में यह यज्ञ की आयोजन किया गया है, जिसमें भारी संख्या में ग्रामीणजन एवं मातृशक्ति उपस्थित रही। कथा व्यास पं. श्रीचंद्र प्रकाश पांडेय के मुखारविंद से भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य चरित्र में माखन चोरी एवं गोवर्धन पूजा कर, धर्म, भक्ति और जीवन मूल्यों पर आधारित प्रेरक प्रसंगों का श्रवण कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा के माध्यम से समाज में सदाचार, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजन समाज को संस्कारित करने के साथ आपसी भाईचारे और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं।

### 2 किलो गांजा जब्त एक युवक गिरफ्तार

**महासमुंद।** कोतवाली पुलिस ने स्थानीय रेलवे स्टेशन माल धक्का के पास एक युवक के कब्जे से 2 किलो गांजा बरामद किया है। पुलिस ने उक्त कार्रवाई मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर की। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक गांजा का परिवहन कर रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी फिरोज खान पिता स्व. शरीफ खान (33 वर्ष) निवासी खाटकीबाड़ा गमड़ी गुजरात को 2 किलो गांजा के साथ पकड़ा। जब्त गांजा की कीमत 1 लाख रु. बताया गया है। साथ ही पुलिस ने एक मोबाइल कीमती 5500 रु. व नकद रकम 570 रुपए भी बरामद किया है, आरोपी उक्त गांजा को खपाने ग्राहक की तलाश कर रहा था। आरोपी के विरूद्ध 20 (बी) नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

## निधन

### जूगुत राम निषाद



**खरोरा।** ग्राम मुड़पार निवासी 57 वर्षीय जूगुत राम निषाद का निधन हो गया। उनकी श्रद्धांजलि सभा में ग्रामीण सहित अंचल के सैकड़ों लोग उपस्थित हुए। उनके निधन पर माहेसिया निषाद पत्नी, अनीता निषाद पुत्रवधू, रोशन पार्वती पुत्रवधू, नामदेव रंजीता पुत्रवधू, तीजमति, दिलेश्वर बेटी दामाद एवं समस्त निषाद परिवार ने शोक व्यक्त किया।

# माध्यमिक स्कूल के मातृ सम्मेलन में माताओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

पूर्व माध्यमिक शाला मोहरा में मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं की सहभागिता के माध्यम से बच्चों की शिक्षा एवं विकास में उनकी भूमिका को और सशक्त बनाना था। सम्मेलन में बड़ी संख्या में बच्चों की माताओं ने उपस्थित होकर विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान मटका फोड़, सुई-धागा दौड़, बच्चों की पहचान जैसे कई रोचक एवं मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें माताओं ने पूरे जोश और उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इन गतिविधियों ने न केवल कार्यक्रम को आनंदमय बनाया, बल्कि सभी माताओं के चेहरे पर मुस्कान भी बिखेर दी।

कई माताओं ने कहा कि इस तरह के आयोजन से उन्हें अपना बचपन याद आ गया और यह पल उनके लिए हमेशा स्मरणीय रहेगा। इस अवसर पर जनपद सदस्य पुष्पा सुखनंदन चेलक, मीना वर्मा, नंदनी साहू, स्वास्थ्य कार्यकर्ता सुनीता यादव, टेटकी वर्मा, रामशिला साहू, पूजा फेकर, गीता वर्मा, राधा कन्नौजे, माया वर्मा, कौशल्या पूरेना, चंद्रिका गेंद्रे, मनीषा वर्मा, हेमिन कटारिया, ओमिन वर्मा, पुष्पा सोनी, लक्ष्मी वर्मा, ममता वर्मा सहित पंचगण एवं अन्य गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## मटका फोड़, सुई-धागा दौड़, बच्चों की पहचान जैसे कई मनोरंजक प्रतियोगिताएं हुई



### 200 से अधिक माताओं ने अपनी सहभागिता दर्ज की


कार्यक्रम में लगभग 200 से अधिक माताओं ने अपनी सहभागिता दर्ज कराते हुए इसे सफल बनाया। संकुल समन्वयक एवं प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला मोहरा मार्कंडेय कैवर्त्य ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी माताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि माताओं की सक्रिय भागीदारी से बच्चों की शिक्षा और संस्कार दोनों मजबूत होते हैं। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन से अपील की कि इस तरह के कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाएं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय स्टाफ हेमंत वर्मा, रोहिणी वर्मा, लूर बाई, दूधेश्वर प्रसाद वर्मा, गैंदराम ध्रुव, हरीश वर्मा, चोवाराम वर्मा सहित समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा। कुल मिलाकर मातृ सम्मेलन एक यादगार और प्रेरणादायक आयोजन के रूप में संपन्न हुआ, जिसने सभी को खुशी और उत्साह से भर दिया।

## पर्व : चार प्रहर की पूजा और रुद्राभिषेक, भंडारा का हुआ आयोजन

# भूतेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

भूतेश्वर महादेव चिचोली का बारहवां रुद्राभिषेक संपन्न हुआ। मंदिर निर्माण एवं पूजा समिति के अध्यक्ष भाई राजकुमार ठाकुर ने बताया कि जो भक्त सच्ची श्रद्धा और मन में विश्वास लेकर आया है वह भगवान स्वयंभू भूतेश्वर महादेव का कृपापात्र हुआ है। पूरे चिचोली गांव के आस्था के प्रतीक तथा आस पास के भक्तों के गुप्त सहयोग से चार प्रहर की पूजा और रुद्राभिषेक, भंडारा का आयोजन विगत बारह वर्षों से पूजा समिति द्वारा संचालित किया जा रहा है। भक्तों को पूजा में बैठने तथा पूजा सामग्री की व्यवस्था भी समिति की ओर से की जाती है। वैदिक मंत्रोचार से विद्वान पंडितों पूजा अर्चना की जाती है इस वर्ष विद्वान जय तिवारी दूधाधारी मठ रायपुर, अजीत शुक्ला उड़ीसा जगन्नाथ पुरी, सिद्धांत शास्त्री, रमेश शुक्ल प्रयाग राज द्वारा किया गया, सभी कार्यों में समिति के सचिव अवधेश पाण्डेय नेतृत्व रहता है। विगत बारह वर्षों से धरसींवां की पूर्व विधायक अनीता योगेंद्र शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, विवेक अग्रवाल तथा अन्य अनगिनत भक्त आकर जल चढ़ाते हैं। इस पुनीत कार्य में हमारे गांव चिचोली के बरातू सिन्हा, राजेंद्र धीवर, राजेश साहू, जनक साहू, संतोष साहू, तोपसिंह राजपूत, नंद कुमार धीवर अन्य बारह ज्योतिर्लिंग का स्वरूप बनाकर सपत्नीक पूजा अर्चना किए सेवा में प्रमुख रूप से नवीन सिंह राजपूत, पवन वर्मा, नारायण धीवर, माया राजपूत, दुर्ग धीवर सहित अन्य भक्त रहे आचार्य जी द्वारा सभी भक्तों को हमेशा पूजा अर्चना में सहयोग देने कहा गया।



### महाशिवरात्रि पर हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

**सिमगा।** महाशिवरात्रि पर नगर पालिका सिमगा में शिवनाथ नदी तट पर स्थित सिद्धेश्वर शिव मंदिर में शासन के संस्कृति विभाग के सहयोग से ग्राम दुलदुला से छत्तीसगढ़ी रंगोली समिति द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कलाकारों द्वारा छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति सुवा पंथी राउत नाचा भरथरी पंडवानी गौरा-गौरी एवं भोलेनाथ के सुप्रसिद्ध भजनों से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया गया। कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से बताया कि महाशिवरात्रि का शाब्दिक अर्थ है शिव की महान रात्रि यह पर्व साधना और आत्म शुद्धि का प्रतीक है। महाशिवरात्रि केवल एक धार्मिक पर्व ही नहीं बल्कि आध्यात्मिक जागरण और आत्म चिंतन का अवसर भी है। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक एवं दूर दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे।



### शिवलिंग प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा पर निकाली शोभायात्रा

**पलारी।** ग्राम पंचायत बोइरडीह में सोमवार को दईहान तालाब के पास भगवान शिव की शिवलिंग प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा के साथ स्थापित की गई। कार्यक्रम सर्व समाज के मार्गदर्शन एवं विशेष सहयोग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर सरपंच बिंदु तेहरवंश एवं पंचायत प्रतिनिधि समस्त पंच, साथ ही परमानंद ध्रुव गुरुजी एवं हेमंत तेहरवंश गुरुजी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में समस्त ग्रामवासियों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के साथ आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान के उपरांत रामधुनी के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा गांव की विभिन्न गलियों से होकर गुजरी, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण बना रहा और हर हर महादेव के जयघोष से क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। ग्रामवासियों ने इस आयोजन को एक ऐतिहासिक पहल बताते हुए सभी सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शिवलिंग स्थापना से गांव में आध्यात्मिक वातावरण सुदृढ़ होगा तथा सामाजिक एकता को भी नया बल मिलेगा। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया।



# टीम शक्ति ने छात्रों को जिम्मेदार नागरिक बनने दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में टीम शक्ति ने जिले में चलाए जा रहे जन-जागरूकता अभियानों की श्रृंखला के अंतर्गत सोमवार को बृजलाल वर्मा महाविद्यालय एवं स्वामी आत्मानंद स्कूल में छात्रों के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान टीम शक्ति द्वारा सेल्फ डिफेंस, महिलाओं पर होने वाले अपराध एवं मोबाइल से सम्बन्धित होने वाले अपराध एवं उनकी रोकथाम तथा महिलाओं एवं बालिकाओं पर होने वाले लैंगिक शोषण के बचाव एवं कारण से संबंधित तथा सायबर अपराधों से बचाव हेतू महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। इस दौरान टीम शक्ति द्वारा किसी भी विपरीत परिस्थिति का डटकर सामना करने के बारे में बताया गया।

साथ ही आत्मरक्षा के उपाय बताए गए। टीम शक्ति द्वारा छात्रों को पुलिस कंट्रोल रूम एवं समाधान सेल का मोबाइल नंबर देकर यह विश्वास दिलाया कि किसी भी समस्या के समय वे उनसे एवं पुलिस कंट्रोल रूम से संपर्क कर सकते हैं। टीम शक्ति द्वारा बालिकाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई गई।

### सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने का दिया संदेश

इस दौरान टीम शक्ति द्वारा छात्र-छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ाया गया और उन्हें सुरक्षा के प्रति सतर्क रहना सिखाया गया। इसके बाद छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा और साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस टीम ने बताया कि आज की डिजिटल दुनिया में लोग अक्सर ऑनलाइन गेम, सोशल मीडिया और इंटरनेट का उपयोग करते हैं, जहां कई तरह के जोखिम मौजूद हैं। उन्होंने छात्रों को फर्जी लिंक, अंजान नंबर, ओटीपी धोखाधड़ी, गलत मैसेज, फोटो दुरुपयोग, साइबर बुलिंग जैसी गतिविधियों से बचने के तरीके समझाए।

### नशा मुक्ति का लिया संकल्प

छात्रों को नशे और अत्यधिक मोबाइल उपयोग जैसी बुरी आदतों से दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग आजकल नकारात्मक चीजों से जल्दी प्रभावित होते हैं, इसलिए उन्हें आत्मनियंत्रण और सही-गलत का विचार करना आवश्यक है। उन्होंने यह भी समझाया कि नियम और कानून सभी के लिए समान हैं और सभी अपराधों के लिए दंड प्रावधान मौजूद हैं। नशा मुक्ति को लेकर बताया गया कि नशा शारीरिक समस्याओं के साथ ही आर्थिक और सामाजिक स्तर पर भी नुकसान का कारण बनता है। टीम शक्ति द्वारा छात्रों को नशा नहीं करने का संकल्प व इसके दुष्प्रभाव के बारे में भी अवगत कराते हुये अन्य कानूनी जानकारियां दी गई।

### छात्राओं को मिली सरस्वती योजना की साइकिलें



**भाटापारा।** ग्राम करहीबाज़ार स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल में अध्ययनरत छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना की साइकिलें वितरित की गई। इस अवसर पर साइकिल प्राप्त कर छात्राओं के चेहरे पर प्रसन्नता और आत्मविश्वास स्पष्ट झलक रहा था। उन्होंने शासन की इस महत्वपूर्ण योजना के प्रति आभार व्यक्त किया। साइकिल वितरण में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा शामिल हुए। उन्होंने कहा साइकिल वितरण कार्यक्रम नहीं, बल्कि बेटियों के सपनों को पंख देने का अभियान है। जब हमारी बेटियाँ शिक्षा की ओर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ती हैं, तब समाज और राष्ट्र दोनों सशक्त होते हैं। इस मौके पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष सियाराम चक्रधरी जनपद सभापति प्रतिनिधि राजेश पटेल प्राचार्या ईश्वर लाल देवदास एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित थे।

# सेजेस स्कूल में छात्रों को आत्मरक्षा के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

परसापाली सेजेस विद्यालय परिसर में 19 जनवरी से 18 फरवरी तक रानी लक्ष्मी बाई आत्म-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण मुख्य रूप से सेजेस विद्यालय की छात्राओं के लिए आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य उन्हें आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करना, आत्मविश्वास बढ़ाना तथा विपरीत परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा करने के लिए सक्षम बनाना था।

कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्राचार्य सुजीत कुमार प्रधान के मार्गदर्शन में किया गया। वहीं प्रशिक्षण प्रदान करने का दायित्व बिलाईगढ़ के प्रशिक्षक प्रतीक श्रीवास ने निभाया। प्रशिक्षक द्वारा छात्राओं को आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान हाथ पकड़ने की स्थिति से स्वयं को मुक्त करना, अचानक हमले की स्थिति में बचाव करना, सतर्कता एवं मानसिक संतुलन बनाए रखना जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया गया। इस एक माह के प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्राओं ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ सहभागिता की। विद्यालय की शिक्षिकाएँ भी प्रशिक्षण में सक्रिय रूप से शामिल हुईं और छात्राओं के साथ अभ्यास कर उनका मनोबल बढ़ाया। इससे विद्यालय में आत्मविश्वास, सुरक्षा जागरूकता एवं सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण निर्मित हुआ।



प्रशिक्षण के समापन अवसर पर छात्राओं ने आत्मरक्षा के विभिन्न कौशलों का प्रदर्शन भी किया, जिसे उपस्थित शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने सराहा। विद्यालय परिवार ने इस कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी एवं समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से छात्राओं में आत्मबल, साहस और आत्मनिर्भरता की भावना का विकास होता है।

## कसडोल विधायक संदीप साहू ने दिया ठोस आश्वासन

# संस्कृत शिक्षक संघ ने संस्कृत को अनिवार्य कराने सीएम के नाम विधायक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

छत्तीसगढ़ संस्कृत शिक्षक संघ के प्रदेश संचालक डॉ. कोमल वैष्णव के नेतृत्व में प्रदेश में संस्कृत शिक्षा अनिवार्य करने हेतु कसडोल विधायक को ज्ञापन सौंपा। डॉ. वैष्णव ने बताया कि प्रदेश में व्यावसायिक शिक्षा के चलते संस्कृत को विकल्प पर रखने से संस्कृत शिक्षा पर खतरा मंडराने लगा है। सभ्यता, संस्कृति और संस्कार संस्कृत के अध्ययन अध्यापन से ही संभव है बिना संस्कार के शिक्षा मात्र कोरी कल्पना है संस्कृत देववाणी और संस्कार परक भाषा है। ज्ञान उपदेश धर्म दर्शन सभी शास्त्रों में भरे पड़े हैं। अतः संस्कृत भाषा का संरक्षण और संवर्धन परम आवश्यक है। वर्तमान में संस्कृत हिन्दी और अंग्रेजी के स्थान पर व्यावसायिक पाठ्यक्रम लेने के आदेश से हड़कंप मचा हुआ है। भाषा का अध्ययन अध्यापन जरूरी है। उच्च अधिकारियों के मौखिक आदेश के चलते संस्कृत भाषा ज्यादा प्रभावित हो रही है क्योंकि संस्कृत के स्थान पर व्यावसायिक पाठ्यक्रम पढ़ाई जा रही है, जिससे संस्कृत शिक्षा पर विशेष असर पड़ने लगा है। अधिक अंक और ज्यादा छात्रवृत्ति के चलते बच्चे संस्कार परक भाषा को छोड़ने मजबूर हैं। इसी तरह के मामले में हरियाणा सरकार का निर्णय व्यावसायिक पाठ्यक्रम को सातवें विषय के रूप में रखना बहुत ही सराहनीय है। अतः संस्कृत शिक्षक संघ के माध्यम से प्रदेश में संस्कृत शिक्षा को अनिवार्य करने हरियाणा राज्य की तरह व्यावसायिक पाठ्यक्रम को सातवें विषय में रखने हेतु मुख्यमंत्री के नाम विधायकों को ज्ञापन दिया जा रहा है। कसडोल विधायक आदरणीय संदीप साहू ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा कि संस्कृत देववाणी अति प्राचीन संस्कार परक भाषा है भाषा का संरक्षण और संवर्धन बहुत जरूरी है उक्त मामले को विधानसभा में प्रमुखता से रखने का ठोस आश्वासन दिया। उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदेश संचालक डॉ. कोमल वैष्णव, तारूण साहू, महेंद्र वैष्णव, गंगाराम पैकरा, देवेश वर्मा, मनहरण मानिकपुरी, रामप्रसाद साहू, विजय कुर्रे, देवेंद्र लहरे, मनोज वर्मा सहित अनेक संस्कृत शिक्षक उपस्थित थे।



# प्रकाश मोदी श्री दिगंबर जैन धर्म संरक्षण महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

भारत सरकार राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग एडवाइजरी पैनल के सदस्य, पारस टीवी चैनल के संचालक, प्रकाश मोदी को श्री दिगंबर जैन धर्म संरक्षण महासभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गजराज गंगवाल राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा मनोनीत किया गया है।

प्रकाश मोदी समस्त भारतवर्ष की जैन समाज के तीर्थ क्षेत्र धार्मिक आयोजनों में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे एवं साधु संतों की सेवा का कार्यभार संभालेंगे। आपके द्वारा पूर्व में जैन समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अनेक सामाजिक रचनात्मक एवं धार्मिक आयोजन विशाल रूप से संपन्न हुए हैं।



प्रकाश मोदी ने अपनी नियुक्ति को समस्त भारतवर्ष की जैन समाज के सद्भावना एवं सहयोग को दिया है। यह नियुक्ति मेरी ही नहीं आप सब की है। प्रकाश मोदी की नियुक्ति से समस्त छत्तीसगढ़ में एक खुशी की लहर दौड़ गई। उन्हें हर नगर से बधाइयां प्राप्त हो रही है। प्रमुख रूप से नरेंद्र जैन गुरु कृपा रायपुर, श्री प्रदीप जैन विश्व परिवार रायपुर, विनोद जैन रायपुर, विनोद जैन बिलासपुर, दिलीप जैन जशपुर नगर, गजेंद्र पाटनी कुनकुरी, अशोक जैन बलोदा बाजार, मनोज जैन नेवरा, पवन जैन मुंगेली, राजेश जैन सिमगा, रूपेश जैन जगदलपुर, दिलीप बडजात्या धमतरी, राकेश छाबड़ा दुर्ग, अरविंद जैन भिलाई, प्रशांत जैन सेक्टर 6, किशोर जैन राजिम, डॉ. राजेंद्र गदिया राजिम, नवीन गदिया भाटापारा, पीयूष जैन भाटापारा, रूबी जैन अंबिकापुर, सुशील जैन नैला, सौरभ जैन अकलतरा, मयंक जैन डोंगरगांव , अशोक झंझरी राजनंदगांव, राजेश जैन रायपुर, अरविंद बड़जात्या रायपुर, किशोर जैन डोगरगढ़, चंद्रकांत जैन राजनांदगांव, सुधीर जैन छुई खदान आदि ने बधाई दी।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
13 फरवरी 2026
SHOW TIME
ओ रोमियो
शो समय - 12:00, 3:30, 6:00, 9:00 PM
आटा चक्की (सीजी)
शो समय - 12:00, 3:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# सरपंच तारिणी ने पेश की मिसाल, गांव की बेटियों की शादी में दे रहीं आर्थिक सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

**ग्राम पंचायत मोहरा की सरपंच का सराहनीय पहल**





ग्राम पंचायत मोहरा की सरपंच तारिणी जवाहर वर्मा अपने चुनावी वादों को धरातल पर उतारते हुए लगातार सामाजिक दायित्वों का निर्वहन कर रही हैं। चुनाव के दौरान ग्रामीणों से किए गए वादे के अनुरूप वे विगत एक वर्ष से गांव की प्रत्येक गरीब व जरूरतमंद कन्या के विवाह अवसर पर 2500 की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जा रही है। इस पहल से ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है और सरपंच के इस कदम की चारों ओर सराहना हो रही है। जानकारी के अनुसार सरपंच तारिणी ने पंचायत चुनाव के समय यह वादा किया था कि गांव की बेटियों के विवाह में आर्थिक सहयोग कर परिवारों को राहत प्रदान करेंगे। इसी क्रम में अब तक कई परिवारों को इस योजना का लाभ मिल चुका है। इस वर्ष से लक्ष्मी पिता राधेश्याम यादव की पुत्री के विवाह अवसर पर भी सरपंच प्रतिनिधि जवाहर लाल वर्मा ने अपने साथियों के साथ पहुंचकर 2500 की सहायता राशि प्रदान की और नवदंपती को शुभकामनाएं दीं तथा पिछले वर्ष 27 बेटियों के विवाह में भी आर्थिक सहयोग प्रदान कर नवदंपतियों को शुभकामनाएं दी थी। इस मौके पर सरपंच तारिणी जवाहर वर्मा ने कहा कि बेटियों का विवाह हर परिवार के लिए एक बड़ा दायित्व होता है, खासकर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए यह और भी चुनौतीपूर्ण बन जाता है। ऐसे में किसी का थोड़ा सा सहयोग भी कई परिवारों के लिए बड़ा सहारा बन सकता है।

## खबर संक्षेप



### युवाओं को मोबाइल रिपेयरिंग का निःशुल्क प्रशिक्षण देने में जुटा संयंत्र

बलौदाबाजार। अल्ट्राटेक सीमेंट की रावन इकाई के सीएसआर प्रकल्प के अंतर्गत युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से मोबाइल रिपेयरिंग का निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को तकनीकी दक्षता प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना तथा रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को मोबाइल रिपेयरिंग की बुनियादी एवं उन्नत तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर से संबंधित आवश्यक जानकारियां प्रदान की जाएंगी, ताकि प्रशिक्षणार्थी भविष्य में स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ कर सकें या संबंधित क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर सकें। संस्था द्वारा जानकारी दी गई है कि प्रशिक्षण हेतु सीमित सीटें उपलब्ध हैं, जिनमें से कुछ सीटें अभी शेष हैं। इच्छुक अभ्यर्थी शीघ्र ही अल्ट्राटेक रावन सीएसआर सेंटर पहुंचकर आवेदन फॉर्म जमा कर सकते हैं।

### नगर में विकास ठप, बुनियादी सुविधाओं का अभाव

बिलाईगढ़। विकासखंड में जन सुविधा नाम की कोई चीज नहीं है, यहां समस्याओं का अंबार लगा हुआ है, ना तो यहां अच्छी सड़क है ना स्वास्थ्य केंद्र। गौरव पथ का कार्य वर्षों से आधा अधूरा पड़ा हुआ है, जिसकी वजह से नाली का पानी सड़कों पर बह रहा है। थाना रोड को जोड़ने वाला पुल जर्जर हो चुका है। और ना ही उसमें रेलिंग लगी हुई है, जिससे कभी भी दुर्घटना की स्थिति बनी रहती है। नगर में एक भी ऐसा स्थान नहीं है, जहां युवा व बच्चे मनोरंजन के लिए जा सकें। ना व्यवस्थित बाजार है ना सब्जी मार्केट। बस स्टैंड जो की दूसरे जगह पर शिफ्ट होना था, वह कागजों पर ही सिमटा हुआ है, जहां पर बस स्टैंड है, वहां जन सुविधा नाम की कोई चीज नहीं है। ना सार्वजनिक शौचालय है ना सुविधायुक्त यात्री प्रतीक्षालय, न पीने के पानी की सुविधा। ऊपर से आसपास के लोगों ने वहां पर अतिक्रमण कर रखा है।



## आयोजन : 10 जोड़ों का सामूहिक आदर्श विवाह होगा

# मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का महा अधिवेशन 21-22 फरवरी को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



**400 महिलाओं की भव्य कलश यात्रा**

कार्यक्रम के पहले दिन 21 फरवरी को प्रातः 8 बजे से लगभग 400 महिलाओं की भव्य कलश यात्रा ग्राम चांपा के मुख्य मार्गों से होते हुए सभा स्थल तक निकाली जाएगी। वहीं 22 फरवरी को समाज के लगभग 10 युवक-युवतियों का सामूहिक आदर्श विवाह संपन्न कराया जाएगा, जो इस महाअधिवेशन का प्रमुख आकर्षण रहेगा।

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के तत्वावधान में 21 एवं 22 फरवरी को बलौदाबाजार राज के ग्राम चांपा (सैहा) स्थित छत्रपति शिवाजी सभा स्थल हाई स्कूल मैदान में समाज का महाधिवेशन आयोजित किया जाएगा। दो दिवसीय इस प्रदेश स्तरीय आयोजन में लगभग 10 हजार प्रतिनिधियों के सम्मिलित होने की संभावना है।

केन्द्रीय अध्यक्ष खोड़सराम कश्यप एवं केन्द्रीय महामंत्री यशवंत सिंह वर्मा ने जारी बयान में बताया गया कि महा अधिवेशन को चार सत्रों में विभाजित किया गया है। कार्यक्रम के अंतर्गत समाज की वर्षभर की गतिविधियों की समीक्षा, आगामी वर्ष की कार्ययोजनाओं पर चर्चा तथा विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर विचार-विमर्श कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। आयोजन के विभिन्न सत्रों में विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति भी रहेगी। 21 फरवरी के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल तथा द्वितीय सत्र में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल होंगे। 22 फरवरी के प्रथम सत्र में पूर्व राज्यपाल रमेश बैस मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। द्वितीय सत्र में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं मंत्री टंकराम वर्मा अति विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेंगे। इसके अतिरिक्त रायपुर सांसद एवं अन्य गणमान्य अतिथि भी समारोह में सम्मिलित होंगे।महाअधिवेशन को सफल बनाने समाज की बलौदाबाजार राजप्रधान सुनीता वर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारियों द्वारा आमंत्रित अतिथियों को निमंत्रण पत्र सौंपे गए। इस अवसर पर केन्द्रीय महामंत्री यशवंत सिंह वर्मा, केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्य कोपराम वर्मा, नरेंद्र वर्मा, जिला पंचायत सभापति डॉ. मोहन वर्मा, रायपुर राजप्रधान जागेश्वर वर्मा, संरक्षक नरसिंह वर्मा, लेखराम वर्मा, नरेंद्र कश्यप उपराजप्रधान, कीर्ति वर्मा, राजमंत्री द्वारिका वर्मा, सचिव प्रदीप बघमार, सह-सचिव देवेश वर्मा, संगठन मंत्री हरिश्चंद्र वर्मा, सह-संगठन मंत्री झालेंद्र वर्मा, मीडिया प्रभारी महेश वर्मा, सांस्कृतिक प्रभारी नरेश धुरंधर, युवा प्रमुख रघुनंदन बघमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जनदर्शन में दिव्यांग की समस्या पर हुई त्वरित कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अपने निर्माणाधीन पीएम आवास के सामने अवैध कब्ज़ा कर बनाए घुरवा के बिखरे कचरा और बदबू से परेशान दिव्यांग मालिक राम ध्रुव की समस्या का कलेक्टर जनदर्शन में त्वरित समाधान हो गया। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर एसडीएम एवं तहसीलदार ने टीम गांव भेजकर अतिक्रमण हटवाया और घुरवा का समतलीकरण कराया गया।

तहसील सुहेला अंतर्गत ग्राम शिकारी केशली निवासी दिव्यांग मालिक राम ध्रुव विगत मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन में अपनी समस्या लेकर पहुंचे थे। उन्होंने कलेक्टर दीपक सोनी को अपनी समस्या बताते हुए आवेदन दिया। मालिक राम ने बताया कि उनकी पत्नी पुनिया बाई ध्रुव के नाम से ग्राम पंचायत शिकारी केशली में प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ है, जिसे गांव के आबादी भूमि पर आवास निर्माण शुरू किया है। निर्माणाधीन आवास के सामने अन्य व्यक्ति द्वारा घुरवा खोदकर कचरा फेंका जा रहा है जिससे घर के सामने कचरा और दुर्गंध फैलने से परेशानी हो रही है।

■ घर के सामने कचरा भरे घुरवा से मिली निजात

जनदर्शन में दिये आवेदन पर त्वरित कार्रवाई होने से मालिक राम ने शासन - प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा है कि अब उनके घर के सामने घुरवा का समतलीकरण हो गया है जिससे अब अच्छा अनुभव हो रहा है। जनदर्शन में त्वरित कार्यवाही होने से लोगों की समस्याओं का जल्द समाधान हो रहा है।



# सोशल मीडिया दुष्प्रभाव और महिला सुरक्षा कानूनों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के योजनांतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र असनीद में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत असनीद में आईटीआई, कॉलेज में सी-बॉक्स पोर्टल की जानकारी देते हुए सदस्यों को ऑनबोर्ड किया गया।

कार्यक्रम में बाल विवाह, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न सोशल मीडिया पर पोस्ट, इंफोग्राफिक्स के दुष्प्रभाव एवं विभागीय योजनाएं जैसे- बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला हेल्प लाइन 181, सखी वन स्टाप सेंन्टर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पालना, चाईल्ड हेल्प लाईन 1098, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम 2005 की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में जिला महिला संरक्षण अधिकारी मंजू तिवारी एवं जिला मिशन समन्वयक प्रीति नवरत्न, ग्राम पंचायत असनींद सरपंच संतोष कुमार ध्रुव, सचिव जिगेश्वर पैकरा, आंगनबाड़ी की कार्यकर्ता, सहायिका, ग्रामवासी, आईटीआइर, कॉलेज के प्राचार्य एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# टोहड़ा संकुल में सजी ज्ञान-विज्ञान की अनोखी टीएलएम प्रदर्शनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम टोहड़ा संकुल में संकुल स्तरीय टीएलएम प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 20 शिक्षकों ने अपने नवाचारी मॉडल प्रस्तुत किए।

प्रदर्शनी में रमेश कुमार वर्मा, हुमंत धीवर, श्याम वर्मा, रामकुमार देवांगन, गिरिजा देवांगन, समेलाल ध्रुव सहित अन्य शिक्षकों द्वारा गणित, विज्ञान, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान, हिंदी एवं संस्कृत विषयों की विविध शिक्षण सामग्री प्रदर्शित की गई, जिनमें ज्वालामुखी का मॉडल, जोड़-घटाव की गतिविधियां, मानव हृदय की कार्यप्रणाली तथा भाषा अधिगम से संबंधित सामग्री विशेष आकर्षण का केंद्र रही और खेल-खेल में सीखने की प्रभावी पद्धति को प्रदर्शित किया गया।

प्रदर्शनी के निर्णायक के रूप में वरिष्ठ व्याख्याता दिनेश कुमार आडील, हीरालाल सिन्हा एवं मंजू पैकरा उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रदर्शनों का अवलोकन कर शिक्षकों को उपयोगी सुझाव दिए। संपूर्ण आयोजन संकुल समन्वयक चित्रसेन वर्मा के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें नवाचार आधारित शिक्षण को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया। उक्त जानकारी शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा द्वारा दी गई।

# कुरुद में शिव महापुराण कथा आज से



**खरोरा**। कुरूद में 18 से 23 फरवरी तक शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। फाल्गुन शुक्ल पक्ष पर आयोजित इस छह दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम में प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक कथा श्रवण कराया जाएगा। आयोजन के तहत पहले दिन कलश यात्रा, देवी पूजन एवं शिव महापुराण महिमा का वर्णन किया जाएगा। आगामी दिनों में शिव जन्म, सती चरित्र, पार्वती जन्म, शिव-पार्वती विवाह, त्रिपुरासुर वध, ज्योतिर्लिंग कथा, बिल्वपत्र महिमा सहित विभिन्न प्रसंगों का वर्णन होगा। अंतिम दिन हवन, पूर्णाहुति, कन्या पूजन एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कथा वाचन पंडित सुकदेव शर्मा मां जहारी बराही मंदिर पुजारी द्वारा किया जाएगा। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति की संभावना है। आयोजक शिवकुमार यादव, सुरेखा यादव, गणेश यादव एवं तुलश्वरी यादव सहित समस्त यादव परिवार ने श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की।

# आंगनबाड़ी केंद्र में वजन त्योहार मनाया गया



**पलारी।** विकासखण्ड पलारी के अंतर्गत ग्राम पंचायत दतान के आंगनबाड़ी केंद्र 2 में वजन त्यौहार मनाया गया। इसके मुख्य अतिथि जामवंती नीलकमल साहू सभापति स्वच्छता विभाग जनपद पंचायत पलारी, ग्राम पंचायत सचिव खम्भन वर्मा, सुपरवाइजर सविता साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता झूम्मन बार्ले, सुविता डांडेकर, चुनेशवरी साहू, सहायिका सावित्री वर्मा, गर्भवती महिला गायत्री साहू और शिशुवती माता लिलेशवरी साहू, रेखा यादव, सातों साहू, तामेशवरी रजक, जमुना वर्मा, रतनी साहू उपस्थित हुए।

एजेन्सी देना है
हरिभूमि
समाचार पत्र बलौदाबाजार
जिला के अंतर्गत
अमेरा
में संवाददाता नियुक्ति करना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में
लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
संपर्क - हरिभूमि कार्यालय
अंबेडकर चौक, बलौदाबाजार (छ.ग.)
मो. 9926204007, 8370049468




आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु बलौदाबाजार शहर एवं आसपास के क्षेत्र में 10 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 12,000
दिनांक - 18 फरवरी से 21 फरवरी 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
Resume Whatsapp करें
8370049468
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर